संख्या–cm-561
**26/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 26 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'नेक संवाद' में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

बैठक में जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के अद्यतन कार्यों एवं प्रस्तावित नई कार्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में अभियंता प्रमुख (सिंचाई) श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नहर उन्नयन कार्य की जानकारी दी। उन्होंने नहरों तथा नदी तटबंधों पर समेकित योजना के तहत सड़क सम्पर्कता, कृषि उत्पादन को बाजार सुलभता, हरित ऊर्जा उत्पादन, हरित आवरण संवर्द्धन कार्य को लेकर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पुनपुन बराज योजना के संबंध में भी जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय पार्ट–2 के अन्तर्गत हर खेत तक सिंचाई पहुँचाने के कार्य में तेजी लायें। किसानों को सिंचाई का प्रबंध होने से उन्हें कृषि कार्य में काफी सहूलियत होगी। चतुर्थ कृषि रोड मैप में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के विकास के लिये विस्तृत योजना बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि नदी तटबंधों पर हरित आवरण को बढ़ावा दें। वहां सोलर प्लेट लगायें ताकि सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिले। ऐसी व्यवस्था करें कि नहरों में पूर्ण क्षमता के साथ जलस्राव हो ताकि अंतिम छोर तक पानी पहुंचे एवं सिंचित क्षेत्र में बढ़ोतरी हो। जो भी प्रस्तावित नई कार्य योजनाओं की जानकारी दी गयी है, उसका स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है। जल संचयन क्षेत्र में वृद्धि के लिये जो योजना बनायी गयी है, उस पर भी तेजी से काम करें। पहाड़ी के तलहट्टी क्षेत्रों में भी जल संचयन क्षेत्र को विकसित करें। सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री संजीव हंस, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, अभियंता प्रमुख (सिंचाई) श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर, जल संसाधन विभाग के सलाहकार श्री रविन्द्र शंकर सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंतागण मौजूद थे।

******